वीरमाधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref.No. 2533/Exam/VMSBUTU/2022 Date. 07/12/2022

सेवा में,

निदेशक/प्रधानाचार्य,
समस्त सम्बद्ध संस्थान,
बी0मा0सिं0भ0उ0त0प्रौ0वि0देहरादून।

विषयः **विषम सेमेस्टर (Odd Semester) परीक्षा एवं उपस्थिति के संबंध में।**

महोदय,

अवगत ही हैं कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं को सम्पन्न किया जाना निर्धारित है। आशा है कि आप की संस्था में अध्ययन्–अध्यापन की गतिविधियॉ सुचारू रूप से संचालित हो रही होगीं।

मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि यदि छात्रों की अध्ययन्–अध्यापन एवं कक्षाओं में उपस्थिति, ट्यूटोरियल के माध्यम से शंका–समाधान तथा Problem Solving Practices तथा प्रायोगिक कक्षायें आदि में किसी प्रकार की गुणवत्ता सुधार की आवश्यकता हो तो आगामी 2 सप्ताह के अन्दर अपने स्तर से सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्रों को छोड़ते हुए शेष छात्र–छात्राओं के परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी।इस क्रम में संस्थाओं से प्राप्त फीडबैक के आधार पर पूर्व से घोषित शैक्षणिक कलैण्डर 2022-23 में आंशिक संशोधन करते हुए इन छात्रों हेतु विषम–सेमेस्टर 2022 हेतु अध्यापन की अन्तिम तिथि 24 दिसम्बर 2022 निर्धारित की जाती है। साथ ही प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्रों हेतु कक्षाओं के संचालन की अन्तिम तिथि 10 जनवरी 2023 की जाती है।

अतः इस आलोक में अपने स्तर से विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रम की अध्ययन–अध्यापन कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

उपर्युक्त विषयक के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में दी गयी सूचना के क्रम में आपसे अनुरोध है कि आप अपनी संस्था में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं की कक्षाओं में उपस्थिति न्यूनतम 75% होने के उपरान्त ही उन्हें विषम–सेमेस्टर की आगामी परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा फार्म भरने की अनुमति अपने स्तर से देने का कष्ट करें।

किसी भी दशा में किसी छात्र–छात्रा की कक्षाओं में उपस्थिति विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीमा से कम होने के उपरान्त भी ऐसे अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था के प्राचार्य/निदेशक का होगा, एवं मामला संज्ञान में आने पर विश्वविद्यांलय द्वारा वांछित कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय,

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति महोदय को मा0कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, बी0मा0सिं0भ0प्रौ0वि0वि देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, बी0मा0सिं0भ0प्रौ0वि0वि देहरादून।
4. वेब मास्टर, बी0मा0सिं0भ0प्रौ0वि0वि देहरादून को इस निर्देश के साथ कि पत्र को वि0वि0 वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक